Date :- 24-11-2024

Dainik Bhaskar, Page-11, Surat

MMTH • भविष्य के सूरत स्टेशन का थ्री डी व्यू जारी

सूरत स्टेशन से ही बीआरटीएस, एसटी की बसों के साथ मेट्रो भी मिलेगी

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब (MMTH) में इंटिग्रेटेड सुविधाएं होंगी। इसमें रेलवे, बस, मेट्रो, बीआरटी, टैक्सी और पैदल यात्री मार्ग एक जगह जोड़े जाएंगे। सूरत रेलवे स्टेशन पर रोज 2.5 लाख से अधिक यात्री सफर करते हैं। MMTH के बनने के बाद यह संख्या बढ़कर 6.25 लाख हो सकती है। पश्चिम रेलवे ने एमएमटीएच का नया थ्री डी व्यू जारी किया है। यह प्रोजेक्ट 285,716 वर्ग मीटर (70.6 एकड़) क्षेत्र में साकार होगा। इसमें ग्रीन बिल्डिंग प्रमाणन (IGBC प्लेटिनम रेटिंग), स्मार्ट स्टेशन व दिव्यांग फ्रेंडली जैसी सुविधाएं होंगी।



सूरत MMTH में ये प्रमुख सुविधाएं होंगी

- ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफाइड
- दिव्यांग फ्रेंडली सुविधाएं
- स्मार्ट स्टेशन
- रूफ टॉप सोलर पैनल
- वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट जल को ट्रीट कर पुनः उपयोग।
- उचित वर्गीकरण के साथ साइट पर ठोस कचरे का प्रबंधन।
- आपातकालीन बिजली बैकअप सहित आग बुझाने की व्यवस्थाएं।

कॉन्कोर्स क्षेत्र की विशेषताएं

- MMTH का कॉन्कोर्स क्षेत्र केंद्रीय हब के रूप में कार्य करेगा।
- इसका आकार 85x145 मीटर और क्षेत्रफल 12,325 वर्ग मीटर होगा।
- कॉन्कोर्स क्षेत्र में 2000 यात्रियों की बैठने की क्षमता होगी।
- इसमें दुकानें, भोजन और विश्राम करने की सुविधाएं होंगी।